तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 9 जुलाई 2024

11 रथ पर निकले भगवान जगन्नाथ, उमड़े लोग



12 सालासर समिति ने 18 मेधावी छात्राओं को किया...






# NEET/JEE में सलेक्शन नहीं तो फीस नहीं : PCI भिलाई

जो स्टूडेन्ट NEET व JEE की तैयारी करना चाहते हैं। उनके लिए सुनहरा अवसर है क्योंकि 15 जुलाई से नया बैच प्रारंभ होने जा रहा है जिसका नाम NEET व JEE जूनून बैच है।

इस बैच में पढने वाले स्टूडेन्ट को NEET व JEE में चयन होने के बाद ही फीस लिया जाता है यह बैच सीमित स्टूडेन्ट के लिए है केवल 40 स्टूडेन्ट ही इस बैच में पढाई करेंगे। इस बैच में प्रत्येक दिन 6 घंटे की क्लास व 3 घंटे की डाऊट क्लास इस तरह प्रत्येक दिन 9 घंटे की क्लास होगी। हर रविवार NEET व JEE आधारित साप्ताहिक टेस्ट होगी। इस बैच में पढाने वाले शिक्षकगण दिल्ली व कोटा के विषय विशेषज्ञ डाक्टर्स व आईआईटियन्स है। स्टूडेन्ट को क्लास में DPP, कम्पलीट स्टडी मटेरियल पैकेज, बैग, टी शर्ट दी जायेगी। लाइब्रेरी व छात्रावास की भी सुविधा है। कोर्स कम्प्लीट उपरान्त स्टूडेन्ट को ऑल इण्डिया टेस्ट सीरीज कराया जायेगा। बच्चों को मोटिवेशनल क्लास भी कराया जाता है जिससे उनमें आत्मविश्वास जागृत होती है।

जूनून बैच जैसे कि नाम से विदित हो रहा है कि सभी स्टूडेन्ट का नीट व जेईई में चयन कराना यह ऐसा बैच है जिसका सलेक्शन रेशियो 100% होता है। PCI भिलाई का उद्देश्य है कि हर स्टूडेन्ट देश के प्रतिष्ठित एम्स कॉलेज व आई.आई.टी. कॉलेज में पढ़ाई करें।

जूनून बैच के स्टूडेन्ट ने पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर एक अलग पहचान बनाया है जो छत्तीसगढ़ में एक अतुल्य परिणाम है।

आज नीट व जेईई में चयन होना बहुत ही आसान है। इसके लिए स्टूडेन्ट को प्रतिदिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाऊट क्लास अटेण्ड करना है। DPP को प्रैक्टीस करना है व डाऊट पूछना है। हर संडे टेस्ट देना है।

बस इतना कार्य स्टूडेन्ट ईमानदारी से कर लेता है तो उसे नीट व जेईई में सलेक्शन होने से कोई नहीं रोक सकता, बस यही सफलता का मूलमंत्र है। तो चलो स्टूडेन्ट आज ही जूनून बैच ज्वाइन करें व सफलता का इतिहास गढ़े।

**PCI संस्था भिलाई में शॉप नं. 133 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई में संचालित होती है। मो.नं.- 7805888600.**

Advt.



प्रवेश प्रारंभ
BCA
PGDCA
DCA
B.P.Ed.
B.P.E.
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर


## खबर संक्षेप

### शाला प्रबंधन व विकास समिति का हुआ गठन

**छुईहा बेलर।** राजिम विधायक रोहित साहू की अनुसंसा से प्रभारी जिला मंत्री दयाल दास बघेल द्वारा अनुमोदित नाम के आधार पर शाला एवं विकास समिति के गठन की कार्यवाही सुनिश्चित किया गया है। इसी कड़ी में अध्यक्ष हायर सेकंडरी स्कूल छूईहा में गजेश्वर सिन्हा, बेलर सालिक साहू, सेंदर सालिक साहू, परसदाकला बालिक राम साहू, बिजली गजेन्द्र निषाद, खूटेरी द्वारिका साहू, लचकेरा गोपेश साहू,जामगांव यशवंत साहू का नाम प्रभारी मंत्री द्वारा बनाए गए हैं। बनाये गए अध्यक्ष को भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्राम वासियों ने बधाई दी है।

### फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम लोहरिनडोंगरी में एक व्यक्ति ने फांसी लगा लेने की घटना सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 6 जुलाई की दरमियानी रात शोभाराम बरिहा पिता श्यामलाल (32 साल) निवासी ग्राम लोहरिनडोंगरी ने फांसी लगा ली। घटना की सूचना मृतक के भाई लोकनाथ बरिहा ने पुलिस को दी, जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### नशे में धुत मिले दो प्रधान आरक्षक

**महासमुंद।** रथयात्रा में ड्यूटी पर जाने के पूर्व 2 प्रधान आरक्षक नशे में धुत मिले। मेडिकल कराने पर उनके द्वारा शराब सेवन करना पाया गया। जानकारी के अनुसार पिथौरा में रविवार को रथयात्रा के लिए पुलिस ड्यूटी लगाई जा रही थी। जिसके लिए पिथौरा थाने में पुलिस अधिकारी कतार में खड़े (फॉल इन) पुलिस कर्मियों को ड्यूटी के संबंध में ब्रीफ कर रहे थे। इस दौरान दो पुलिस कर्मी ठीक से खड़े नहीं हो पा रहे थे। दोनों की हालत देखकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को मामला समझते देर नहीं लगी। अधिकारी ने दोनों को कतार से बाहर बुलाकर डांट लगाई और थाना प्रभारी को दोनों का मेडिकल कराने कहा।

धरना प्रदर्शन : बिजली दर में वृद्धि को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाली रैली

# बिजली कटौती व दर वृद्धि पर कांग्रेस बिफरी, रैली निकाली, दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

लगातार अघोषित बिजली कटौती और बिजली दरों में बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा मैनपुर में विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। पश्चात विधायक जनक ध्रुव के नेतृत्व में जंगी रैली निकाल भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय का घेराव करने कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे जहां एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौपकर बिजली कटौती बंद करने की मांग किया। इस धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव, जिला पंचायत गरियाबंद के उपाध्यक्ष संजय नेताम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नेताम, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपील, आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष खेदू नेगी, एनएसयुआई अध्यक्ष सोनू यादव प्रमुख रूप से उपस्थित थे। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए बिन्द्रानवागढ ▶▶शेष पेज 10 पर




### विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली देने के दावे फेल

जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने कहा कि बिजली कटौती व शुल्क वृद्धि से लोग परेशान हो गये हैं, पिछले 7 माह में प्रदेश के विष्णुदेव सरकार ने जनता को परेशान कर रखा है, मैनपुर जैसे क्षेत्र में तो बिजली नाम मात्र की जल रही है और बिजली बिल हजारों रूपये की आ रही है, विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को 24 घंटे बेहतर विद्युत सेवा प्रदान करने का दावा किया जाता है लेकिन यह दावा खोखला साबित हो रहा है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा कि यदि जल्द बिजली कटौती बंद नहीं हुई तो अब उग्र आंदोलन किया जायेगा जिसकी सारी जवाबदारी प्रशासन की होगी।

### केन्द्र और राज्य सरकार महंगाई रोकने में असफल

कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव ने कहा कि प्रदेश में कानुन व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। चाकूबाजी, लूटपाट, आम बात हो गई है, केन्द्र और राज्य सरकार महंगाई रोकने में असफल साबित हुआ है। इस मौके पर प्रमुख रूप से भानू सिन्हा, बृजलाल सोनवानी, रामसिंह नागेश, अशोक दुबे, टीकम कपील, थानुराम पटेल नेयाल नेताम, परमे"वर नेगी, गजेन्द्र यादव, गुंजेश कपील, भानू सिन्हा, गंगाराम जगत, गजेन्द्र नेगी सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं कांग्रेस धरना प्रदर्शन के चलते भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किये गये थे।



## बिजली कटौती पर किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

नगर में सोमवार को एनएसयुआई द्वारा राज्य के भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और राज्य सरकार के असफलता को लेकर बस स्टैंण्ड मैनपुर में पुतला दहन किया। पुलिस ने मौके पर पुतले को छीनकर बुझाया ज्ञात हो कि बिजली कटौती को लेकर आज धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था इसी दौरान भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष सोनू यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार के खिलाफ पुतला दहन किया गया। इस दौरान अध्यक्ष सोनु यादव ने कहा कि प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है प्रदेश में छात्र भी सुरक्षित नहीं है, एक आदिवासी छात्र की पीट–पीटकर हत्या कर दिया गया, लेकिन अब तक इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं हुआ है। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नेताम, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपील, एनएसयुआई अध्यक्ष सोनु यादव, टीकम कपील, तनवीर राजपुत, गजेन्द्र यादव, शाहिद मेमन, दुलेन्द्र नेगी, विरेन्द्र राजपुत, नेयाल नेताम, खेलन साहू सहित बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## वेटलिफ्टिंग स्पर्धा में शामिल होने नगर की 3 बेटियां ओड़िशा रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

नगर की तीन बेटियां कुमकुम ध्रुव, संध्या साहू व लक्षवन्तीन कोसले भुनेश्वर उड़ीसा में 10 जुलाई से 14 जुलाई तक होने वाली राष्ट्रीय भारोत्तोलन स्पर्धा अस्मिता खेलो इंडिया महिला वेटलिफ्टिंग में छत्तीसगढ़ की ओर से चुनौती देने आज अपरान्ह रवाना होंगी। विदित हो कि इससे पूर्व प्रदेश स्तरीय स्पर्धा में तीनों खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल जीता था तथा कुमकुम ध्रुव 49 किग्रा सब भारवर्ग सब जूनियर में स्ट्रांग बालिका और लक्षवन्तीन 49 किग्रा भारवर्ग जूनियर महिला में स्ट्रांग वुमेन का खिताब जीता था, इसी आधार पर उनका चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए छत्तीसगढ़ की टीम में हुआ है पिछले वर्ष भी इसी स्पर्धा में कलकत्ता में शामिल हुए थे जिसमें कुमकुम लक्षवन्तीन और खेमीन पटेल को अपने अपने वर्गों में छठा रैंक प्राप्त हुआ था। छत्तीसगढ़ प्रदेश



भारोत्तोलन संघ के ईकाई के रूप में गरियाबंद जिला भारोत्तोलन संघ के ये खिलाड़ी राष्ट्रीय चयन कर्ताओं को अपनी ओर आकृष्ट करा चुके हैं सेवानिवृत्त पीटीआई प्रमोद सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रशिक्षित ये खिलाड़ी अब प्रदेश का गौरव बनने जा रहे हैं खिलाड़ियों के साथ कोच मेनेजर के रुप में सहयोग के लिए शीतल ध्रुव और देवकुमार निषाद भी भुवनेश्वर जा रहे हैं राष्ट्रीय स्पर्धा में प्रतिनिधित्व करने व सफलता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी गई जिसमें तोकेश्वरी मांझी अध्यक्ष जनपद पंचायत, खोमन चंद्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत, आर के ध्रुव सीईओ जनपद, यशवंत यादव अध्यक्ष जिला वेटलिफ्टिंग संघ हीरालाल साहू सचिव भोलेशंकर जायसवाल सभापति नगर पंचायत, विनोद कुमार देवांगन, राजेश्वरी ठाकुर, परागा ध्रुव, चंद्रवती सिन्हा, खेमीन पटेल, डां विनीत कुमार साहू समाजसेवी गण रुपनाथ बंजारे, पुनीत ठाकुर, मानसिंग निषाद, ललित साहू, रेवेन्द्र दीक्षित, देवनारायण यदु, अर्जुन धनंजय सिन्हा, मार्निंग बैडमिंटन ग्रुप, टंकेश्वर मरकाम, राजकुमार लहरे, पुरानिक नागेश आदि हैं।



### तेन्दुआ की खाल के साथ 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व एंव ओडिशा वन विभाग के टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए तेन्दुआ के खाल के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक बार फिर वन्य प्राणियों के तस्करी करने वाले गिरोह को पकड़ने में वन विभाग बड़ी सफलता मिली है और आरोपियों को कल 09 जुलाई को को न्यायालय में पेश किया जायेगा। उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व ने बताया कि प्रदेश सरकार के वन केदार कश्यप एवं सुधीर अग्रवाल प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी), विश्वेश कुमार झा मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व रायपुर एवं वरुण जैन उपनिदेशक ▶▶शेष पेज 10 पर

## मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं पीपरछेड़ी की भुंजिया जनजाति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

ग्राम पीपरछेड़ी से एक किलोमीटर दूर भुंजियापारा में पिछले तीन- चार पीढ़ीयों में विशेष पिछड़ी भुंजिया जनजातीय के लोग निवासरत हैं। जहां आज भी कई समस्याओं से जुझते हुए जीवन गुजारने मजबूर नजर आते हैं। सबसे बड़ी समस्या वहां सड़क की है जहां बारिश के दिनों में चार पहिया तो दूर दो पहिया वाहन बड़ी मुश्किल से पहुंचता है। जहां मार्ग में पुलिया नहीं होने के चलते बारिश में बंद हो जाता है वहीं दूसरा मार्ग में रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत सड़क निर्माण हुआ था जिसे एक कृषक के द्वारा जेसीबी से सड़क के आधा भाग को खुदाई कर दिया गया है जिससे ये मार्ग बाधित हो जाता है। वहीं ग्रामीणों की मानें तो बारिश के दिनों में 108 और 102 वाहन गांव तक नहीं पहुंच पाता है और मरीज को खाट या किसी अन्य साधन से डालकर मुख्य मार्ग तक



ले जाना पड़ता है।वहीं हम पेयजल की बात करें तो सौर ऊर्जा सिस्टम तो लगा है पर सालों से खराब पड़ा है वहीं एक नलकूप है जिसमें गर्मी के दिनों में पानी कम हो जाता है जिसके चलते एक कृषक के नीजी बोर से पानी उपयोग कर काम चलाना पड़ता है। गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यकर्ता नहीं होने से पिछले लगभग एक सालों से आंगनबाड़ी केंद्र बंद पड़ा है। साथ ही गांव में सार्वजनिक कार्यक्रम या बैठने उठने हेतु एक भी रंगमंच भवन नहीं होने के चलते ग्रामवासी अपने से चंदा इकट्ठा कर एक रंगमंच का निर्माण किये हैं जिनकी अभी पुताई होना बाकि है। कई विशेष पिछड़ी भुंजिया जनजाति के लोगों को अभी तक आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया है पुराने कच्चे मिट्टी के घर टुटने लगा है जिसमें पोलीथीन लगाकर रहने मजबूर हैं।ग्रामीणों की मानें तो जिले के आलाधिकारियों ▶▶शेष पेज 10 पर

### प्राकृतिक आपदा के 1 प्रकरण में 4 लाख रुपये राशि की स्वीकृत

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के 1 प्रकरण में मृतक के परिजन 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार देवभोग तहसील के ग्राम गोहेकला निवासी 75 वर्षीय मुलासी बाई की नाला के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन अर्थात उनके पुत्र भोला कश्यप, पतिराम कश्यप एवं मोतीराम कश्यप तीनों को कुल 4 लाख रुपये स्वीकृत की गई है।


पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468


32 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन जारी

# पटवारी संघ हड़ताल पर, काम ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

जिले में पटवारी हड़ताल पर बैठ गए हैं। जिले के भर के पटवारियों ने नगर के गांधी मैदान में धरना प्रदर्शन किया। पटवारी ने अपनी मांगो को लेकर प्रशासन को मांग पत्र सौंपा। जिले में बड़े संख्या में पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। ऑनलाइन एप भुइयां में गड़बड़ी संसाधनों की कमी समेत 32 सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारी आंदोलन कर रहे हैं। इस हड़ताल की वजह से राजस्व विभाग के सभी काम ठप पड़े हुए है। जिले के पटवारियों का कहना है कि सरकारी ऑफिस में



ऑनलाइन कामों के लिए कंप्यूटर, इंटरनेट, प्रिंटर जैसी चीजों की सुविधा ही नहीं है। इनका आरोप है कि ऑनलाइन कार्य के लिए शासन द्वारा किसी भी तरीके की कोई सुविधा नहीं दी जाती है। इसके अलावा आवश्यक संसाधन और नेट भत्ता भी नहीं दिया जाता है। पटवारियों की सरकार से शिकायत है कि उन्हें जरूरी सुविधा नहीं दी जाती है। ऑनलाइन नक्शा, बटांकन में संशोधन सीधे पटवारी की आईडी से होनी चाहिए जो अभी नहीं होती है। जिला स्तर पर सहायक प्रोगामरों की पदस्थापना की जानी चाहिए साथ ही भूमि खरीद-बेच में रजिस्ट्री के साथ ही भुइंया पोर्टल पर भी इसे अपडेट किया जाना चाहिए। किसान की कर्ज लेने बैंक में काट लेने के बाद भी भुइंया पोर्टल में बंधक नहीं हटाया जाता है उसे स्वतः हटाने का प्रावधान होना चाहिए।

### पान दुकान के पास मारपीट, चाकू से हमला

**महासमुंद।** बागबाहरा में दो युवकों ने गाली गलौज करते हुए एक युवक के साथ मारपीट की और चाकू से हमला कर दिया। मामले की रिपोर्ट पर बागबाहरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को आर्यन कुरैशी पिता रहीम कुरैशी निवासी वार्ड नं. 2 शांति नगर बागबाहरा ने बताया कि 7 जुलाई की रात करीब 9.30 बजे आशीष पान दुकान में अपने भाई आयान कुरैशी के साथ सामान खरीदने गया था। वहां पहले से मौजूद सोनू देवागंन एवं जीतू सेन ने हम लोगों को देख गाली गलौच शुरू कर दिया। जब मेरे भाई आयान कुरैशी ने मना किया तो आरोपी सोनू देवागंन एवं जीतू सेन ने आज तुझे जान से मार देंगे कहने लगे। वहीं सोनू देवागंन ने अपने पेंट की जेब में छुपाकर रखे चाकू आयान के पेट व कमर में जानलेवा हमला कर दिया। इसके बाद मैं अपने भाई को इलाज कराने सरकारी अस्पताल बागबाहरा लेकर गया, जहां से प्राथमिक उपचार कर हायर सेंटर रेफर किया गया। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 109(1), 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।


शरद कम्प्यूटर एजुकेशन
• DCA • PGDCA • TALLY PRIME
• ERP9 With GST Taxation • Ms Office
• फोटोशॉप • पेजमेकर • कोरल • सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण
Skill Training Partner
शरद कम्प्यूटर एजुकेशन राजिम
पता: रानी धर्मशाला परिसर राजिम
शरद पारकर मो. 98261-96073

# आईएएस दंपति की केंद्र से होगी वापसी, प्रशासनिक फेरबदल भी जल्द

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली गए भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति अवधि समाप्त होने के बाद राज्य में उनकी वापसी होने वाली है। इन अधिकारियों में डॉ. रोहित यादव ( 2002 बैच) और आईएएस रितु सेन (2003 बैच) शामिल हैं। दोनों आईएएस अफसर पति-पत्नी हैं। जानकार सूत्रों के अनुसार, इन दोनों अधिकारियों की वापसी के लिए केंद्र सरकार से अनुमति मिल गई है। साथ ही राज्य में जल्द ही बड़ा प्रशासनिक फेरबदल होने की संभावना है।

खास खबर

आईएएस डॉ. रोहित यादव छत्तीसगढ़ में कई महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं देने के बाद 2 अगस्त 2018 को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली गए थे। वहां उन्हें प्रधानमंत्री कार्यालय ( पीएमओ) में ज्वाइंट सेक्रेटरी बनाया गया था।

## डॉ. रोहित यादव एवं रितु सेन की वापसी के लिए केंद्र से मिली अनुमति



### सचिव, विशेष सचिव, कलेक्टर बदले जाएंगे

नए प्रशासनिक फेरबदल की प्रक्रिया में सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों जैसे सचिव, विशेष सचिव, संचालक और कुछ जिलों के कलेक्टरों के तबादले संभावित हैं। माना जा रहा है कि सरकार के छह माह के कार्यकाल के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा विभागों की समीक्षा बैठक के बाद विभागों में कामकाज की स्थिति सामने आ रही है। इसी आधार पर ये संभावना व्यक्त की जा रही है कि जिन विभागों और जिलों में कामकाज सरकार की अपेक्षा के अनुरूप नहीं पाया गया है, तथा जिन विभागों के माध्यम से सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, उन विभागों से संबद्ध अधिकारियों की पदस्थापना में अफसरों के प्रदर्शन के आधार पर बदलाव किया जा सकता है। प्रशासनिक फेरबदल के तहत कलेक्टरों को बदला जाना प्रस्तावित है। राज्य में जिन जिलों के कलेक्टरों को बदला जाना है, उन जिलों में कलेक्टरों के कामकाज की समीक्षा के आधार पर बदलाव संभावित है। हालांकि अभी ये साफ नहीं है कि सरकार किन जिलों के कलेक्टरों को बदलने जा रही है।

इसी तरह रितु सेन दो साल पहले 31 मार्च 2022 को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गई थीं। वहां उन्हें नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (एनएडीए) में सीईओ बनाया गया था। दोनों अधिकारियों की केंद्र में प्रतिनियुक्ति अवधि समाप्त होने पर इनकी वापसी तय है।

### अब होगा बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

छत्तीसगढ़ में कुछ वरिष्ठ अधिकारियों की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापसी और राज्य सरकार द्वारा बुधवार को राज्य प्रशासनिक सेवा के 19 अफसरों के तबादलों के बाद अब प्रशासनिक गलियारों में बड़ा फेरबदल होगा। जल्द ही सचिव, विशेष सचिव, संचालक और कुछ जिलों में कलेक्टरों के तबादला आदेश जल्द जारी किए जा सकते हैं। इसकी शुरुआत बुधवार को राज्य प्रशासनिक सेवा के 19 अधिकारियों के तबादलों से हो चुकी है। इससे पहले जनवरी में 89 अधिकारियों के तबादले और नई पदस्थापनाएं की गई थीं।

## खबर संक्षेप

### प्रेमप्रकाश आश्रम में 138 यूनिट रक्तदान



**रायपुर।** गुरु स्वामी टेऊंराम महाराज के 138वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शैलेंद्र नगर स्थित प्रेमप्रकाश आश्रम में रविवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 53 महिला और 85 पुरुषों ने मिलकर कुल 138 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदाताओं को आश्रम की तरफ से पखर, प्रसाद, मोमेंटो व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। आश्रम के अध्यक्ष अशोक मंधान व महासचिव विजय मोटवानी ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्वामी टेऊंराम महाराज का चालीसा जन्मोत्सव 40 दिन तक पूरे देश, विदेश सहित रायपुर में भी बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है, जिसमें अनेकों सेवाकार्य किए जाते हैं, जिसमें प्रमुख रूप से मासिक अन्नदान, कन्याभोज, ब्राह्मणभोज, रक्तदान सहित अनेकों सेवाकार्य किए गए। इस अवसर पर सर्वानंद मंधान, सुनील थारानी, अशोक मंधान, विजय मोटवानी, गुरमुखदास आहूजा, रवि वाधवानी, इंदर गेहानी, श्याम माधवानी, राजा मंधान, रवि मोटवानी, अनूप, गोलू, दिनेश, संजय, अभिषेक, रितेश, संतोष, प्रदीप आदि शामिल थे।

### नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की ठगी

**रायपुर।** देवेंद्र नगर थाने में जांजगीर-चांपा के एक व्यक्ति ने अपने ही क्षेत्र के एक व्यक्ति के खिलाफ नौकरी लगाने का झांसा देकर 19 लाख 35 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक शिव कुमार साहू ने विजय जांगड़े के खिलाफ ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। शिव ने पुलिस को बताया कि विजय देवेंद्र नगर में भारत कंसल्टेंसी के नाम से ऑफिस खोला था, उसने शिव को उसके परिचित के माध्यम से शिव के बेटे तथा उसके अन्य परिजनों को सरकारी तथा निजी क्षेत्र में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी का शिकार बनाया।

### वाहन चलाने के विवाद में मारपीट

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक युवक ने एक मिनीडोर चालक तथा उसके साथी के खिलाफ वाहन चलाने के विवाद में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, अंकित उपाध्याय ने टाटा एस सीजी-04 एनएक्स 6134 के चालक तथा उसके साथी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अंकित ने पुलिस को बताया कि पचपेड़ी नाका के पास मिनीडोर के चालक ने उस पर ठीक से बाइक नहीं चलाने का आरोप लगाते हुए मारपीट की।

### पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने किया पौधारोपण

रायपुर। नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष और रमण मंदिर वार्ड पार्षद सूर्यकांत राठौर ने रविवार को वार्ड के चूनाभट्ठी डबरापारा रामायण मैदान में कार्यकर्ताओं और नागरिकों के साथ पौधारोपण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत उन्होंने पौधारोपण किया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने शपथ ली कि पौधे की सुरक्षा कर उसे वृक्ष का स्वरूप दिलाने तक देखरेख करेंगे।

## ट्रेनों में जनरल और स्लीपर कोच बढ़ाने शुरू हुआ काम, दो साल में 10 हजार बोगी का लक्ष्य

# बिलासपुर जोन की 38 ट्रेनों में अतिरिक्त कोच दूसरे जोन में नहीं, यात्रियों की भीड़ अब भी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

एक्सप्रेस ट्रेनों के जनरल कोच में भीड़ को लेकर रेलवे गंभीर है। मई महीने में रेलवे ने बिलासपुर जोन की 38 ट्रेनों में दोनों तरफ जनरल कोच लगाने का फैसला लिया था। इसका फायदा यात्रियों को मिला है, लेकिन दूसरे जोन की लंबी दूरी वाली ट्रेनों में अब भी रेलवे ने अतिरिक्त कोच नहीं बढ़ाए हैं, जिससे यात्रियों की समस्या कम नहीं हो रही है। रक्सौल-दरभंगा, हावड़ा-अहमदाबाद, समरसता, पोरबंदर एक्सप्रेस समेत पुणे जाने वाली ट्रेनों में रेलवे ने पहले से ही स्लीपर और जनरल कोच में कटौती कर दी है। इसके बाद अतिरिक्त कोच भी नहीं लगाए हैं। यात्रियों को ट्रेनों में खड़े होकर पूरा सफर करना पड़ रहा है। यही वजह है कि ट्रेनों में भीड़ की हालत बदतर हो रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 14 ट्रेनों में अतिरिक्त कोच अक्टूबर से नवंबर के बीच लगाए जाएंगे, तब तक जनरल व स्लीपर कोच में भीड़ के बीच यात्रियों को सफर करना पड़ेगा। प्रमुख ट्रेनों में अजमेर, नौतनवा, एर्नाकुलम, पुणे, चेन्नई जाने वाली ट्रेनें शामिल हैं।

- जोन की 38 ट्रेनों में अभी तक रेलवे लगा चुका है जनरल कोच, नवंबर और अक्टूबर में 14 और ट्रेनों में लगेंगे



### 2710 जनरल कोच का होगा निर्माण

रेलवे ने कोच की बढ़ती मांग पूरी करने के लिए दो साल में करीब दस हजार नॉन-एसी कोच के निर्माण को मंजूरी दी है। यह योजना आम यात्रियों की यात्रा को आसान करने के लिए बनाई गई है। इसमें 5300 से अधिक जनरल कोच हैं। माना जा सकता है कि रेलवे आम यात्रियों को राहत देने का प्रयास कर रहा है। पहले वित्तीय वर्ष 2024-25 में रेलवे ने अमृत भारत जनरल कोच सहित 2605 जनरल कोच, अमृत भारत स्लीपर कोच के अलावा 1470 नान एसी स्लीपर, अमृत भारत एसएलआर कोच सहित 323 एसएलआर कोच, 32 उच्च क्षमता वाले पार्सल वैन और 55 पेंट्रीकार बनाए जागी। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2710 जनरल कोच का निर्माण किया जाएगा। जिनमें अमृत भारत के जनरल कोच भी शामिल है। अमृत भारत ट्रेन को मिलाकर 1910 स्लीपर कोच बनाए जाएंगे। इसके साथ ही 514 एसएलआर कोच, 200 उच्च क्षमता वाली पार्सल वैन और 110 पेंट्रीकार बनाने की योजना है।

### जोन की ट्रेनों में भीड़ कम करेगा रेलवे

कोच का निर्माण आमतौर पर आवश्यकता के अनुरूप होता है। जाहिर है कि जब इतनी बड़ी संख्या में भारतीय रेलवे की कोच फैक्ट्री में नए कोच का निर्माण होगा तो उसे अलग-अलग रेलवे जोन को दिया जाएगा। इसमें कमाऊपूत जोन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे भी शामिल रहेगा। नए कोच उपलब्ध होने के बाद रेल प्रशासन लंबी दूरी की ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की सुविधा दे सकता है। कई बार ऐसा होता है कि रेलवे अतिरिक्त कोच लगाना चाहता है, लेकिन कोच की उपलब्धता नहीं होने के कारण यह सुविधा शुरू नहीं हो पाती। जबकि अधिकांश ट्रेनों में पीक सीजन के समय अतिरिक्त कोच की जरूरत पड़ती है। इस सीजन के समय ट्रेनों में प्रतीक्षा सूची बढ़ जाती है। इस स्थिति में यात्री या तो यात्रा रद्द कर देते हैं या फिर वेटिंग टिकट लेकर आरक्षित कोच में सफर करते हैं। बिना बर्थ के यात्रा करने से यात्रियों को परेशानी भी होती है।

## बिजली बिल पर कांग्रेस ने दिया धरना व राज्यपाल के नाम सौंपा गया ज्ञापन



**अभनपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अभनपुर व नयापारा के तत्वाधान मे कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता धनेन्द्र साहू के नेतृत्व मे बिजली के दामो मे वृद्धि एवं महगांई के विरोध मे एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर कार्यकर्ताओ एवं पदाधिकारियो ने एसडीएम कार्यालय मे तहसीलदार रामप्रसाद बघेल को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपा। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता धनेन्द्र साहू ने उपस्थित कार्यकर्ताओ को संबोधित करते कहा कि बिजली दरो मे बढ़ोत्तरी के आर्थिक बोझ को कोई भी वर्ग सहन नही कर पायेगा प्रदेश की जनता महगांई से पहले से पीड़ित है, बिजली दर मे वृद्धि कर जख्म मे नमक छिडक़ रही है लोगो के घरो मे दोगुना बिजली बिल पहुंच रहा है यह सरकार द्वारा जनता की जेब से डकैती डालने जैसा है वही स्मार्ट मीटर के नाम से भी जनता को लूटने की तैयारी सरकार कर रही है आमजनता को कही पर भी बिजली 24 घंटे उपलब्ध नही हो पा रही है इससे लोग त्रस्त होकर सडक़ो पर प्रदर्शन कर रहे है हमारी सरकार 5 वर्षो तक विपरीत परिस्थितियो मे भी बिजली की दरो मे बढ़ोत्तरी नही की साथ ही बिजली बिल हाफ योजना शुरू कर प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओ को राहत दे रही थी सोसायटियो मे खाद-बीज उपलब्ध नही हो पा रहा है समितियो से जो बीज मिल रहा वह अंकुरित नही हो रहा है लोगो महंगे दर पर खाद बीज खरीदने को विवश हो रहे है। इस अवसर पर प्रदेश सचिव प्रवीण साहू,पीसीसी सदस्य ब्रम्हानंद ठाकुर,ब्लॉक अध्यक्ष विद्याभूषण सोनवानी,सुशील शर्मा,सुनील कौशल,देवदत्त सेन,राधाकृष्ण टंडन,रानू राठी,शत्रुहन शर्मा,श्रीमति देवनंदनी साहू,निमा निम्बेकर,इन्द्रदेव प्रसाद,बलविंदर गांधी,संदीप दीवान,दिनेश अंबिलकर,फतीश साहू,उपजीत सचदेवा,प्रमोद मिश्रा,ओमप्रकाश साहू,चंन्द्रहास साहू,डामन साहू,घासू साहू,सीताराम साहू,आत्माराम,शशिप्रकाश साहू,नंदकुमार साहू, राजकुमार शर्मा,सुमित तंबोली,पार्थ वैष्णव,डोमेन्द्र साहू,मुन्ना बांधे सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चातुर्मास के लिए शीतलराज महाराज ने किया मंगल प्रवेश



**रायपुर।** जैन धर्म के तपस्वी शीतलराज महाराज का रविवार को मानस भवन पुजारी पार्क पचपेड़ी नाका रायपुर में चातुर्मास के लिए मंगल प्रवेश हुआ। चातुर्मास प्रवेशोत्सव के तहत शांति रेजिडेंसी से प्रातः 9 बजे प्रवेश यात्रा निकाली गई। इससे पहले वहां बड़ी संख्या में पहुंचे अनुयायियों ने गुरुदेव के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया। उसके बाद गुरु शीतलराज ने चातुर्मास मंगल प्रवेश के लिए पदयात्रा शुरू की। उनके साथ छत्तीसगढ़ के अलावा महाराष्ट्र, गुजरात सहित अन्य अनेक राज्यों से पहुंचे गुरुभक्त भी पदयात्रा करते हुए मानस भवन पहुंचे।

## पेज 9 के शेष...

### बिजली कटौती ...

के विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ की जनता को बिजली नहीं दे पा रही है, लगातार बिजली कटौती से ग्रामीण क्षेत्र की जनता बेहद परेशान हो गई है, मैनपुर देवभोग अमलीपदर, पूरे गरियाबंद जिले में बिजली कटौती से आम जनता त्रस्त हो गई है, ऊपर से सरकार ने बिजली के दामों में 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी किया है यह जनता पर अत्याचार है। श्री ध्रुव ने कहा कि प्रदेश की जनता मंहगाई से पीडित है, इस दशा में बिजली के दर में बढ़ोतरी करना मंहगाई से परेशान जनता के जख्म पर नमक छिडकना है।

### तेन्दुआ की खाल...

उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व और अजीज खान वनमण्डलाधिकारी खरियार के कुशल मार्गदर्शन में सोमवार को गुप्त सुचना के आधार पर छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा सीमा से लगे हुए ग्राम धुंगियामुड़ा में एक वन्यप्राणी तेन्दुए के खाल को बिक्री करने का सूचना मिला। सोमवार को एण्टी पोचिंग टीम उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद और उड़ीसा वन विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से टीम गठन कर धुगियामुड़ा से 03 किलो मीटर दूर रोड से लगे पानी पम्प का घर पर आरोपी किशोर सहानंद, करात छत्रीय एवं लखी माझी तीनों ने तेन्दुए खाल को पीले कलर की बोरी में भरकर विक्री करने के उददेश्य से रखे हुये थे। सयुक्त टीम के द्वारा तीनों आरोपियों को वन्यप्राणी तेन्दुए के खाल सहित मौके पर ही पकड़ लिया गया।

### मूलभूत सुविधाओं ...

से जनप्रतिनिधियों तक अपनी समस्याओं को दूर करने आवेदन सौंप चुके हैं लेकिन अभी तक समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है। वहीं सरकार इन विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए कई योजनाएं संचालित कर करोड़ों रुपए खर्च करती है पर धरातल पर आज भी इन जनजातियों की स्थिति कुछ और ही बयां करती है।

## विधायक साहू ने रंगमंच का लोकार्पण व जोगी बाबा मूर्ति की प्राण- प्रतिष्ठा की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छूईहा बेलर

ग्राम जोगीडीपा में लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजिम विधान सभा विधायक रोहित साहू ने रंगमंच व पेवर ब्लॉक का लोकार्पण किया एवं जोगेश्वर नाथ मंदिर परिषर में जोगी बाबा मुर्ति की प्राण- प्रतिष्ठा की। संत गोवर्धन शरण महाराज, वरिष्ठ भाजपा नेता जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू बतौर मुख्यातिथि की आसंदी में थे। साथ में सरपंच बोड़की रामजी साहू, उपसरपंच नेतराम सिन्हा, भाजपायुमोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजू साहू, सरपंच छूईहा गजेश्वर सिन्हा, निज सचिव किशोर साहू, दीपक साहू, ओमकार



साहू थे। विधायक रोहित साहू ने कहा की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के 6 महिने की अवधि में किसान, महिला, युवा, छात्रो के हित, महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति योजना, रामलला दर्शन योजना, उद्यम क्रांति योजना जैसी कई अभिनव योजनाओं की शुरूआत हुई है। विधान सभा चूनाव के बाद विधायक रोहित साहू क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। प्रचार के दौरान आप सब मिले गांव की समस्या को जानने का मौका मिला था। किये गये वायदे पूरा करने प्रयास तब से अब तक है। विकास कार्य में कोई कमी नहीं होगा।

## अच्छी शिक्षा देने के लिए शिक्षकों का अनुभवी होना जरूरी : प्राचार्य



**छुरा।** सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम सीबीएसई स्कूल छुरा में शिक्षक ट्रेनिंग कार्यक्रम अयोजन किया गया। शाला में सीबीएसई के द्वारा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए एक दिवसीय ट्रेनिंग का कार्यक्रम आयोजन किया गया था। जिसमें सीबीएसई भुवनेश्वर ओडिशा से आए ट्रेनर विद्युत दास, सुमंत आचार्य एवं प्राचार्य बिंदू जॉर्ज जेकॉब सामिल हुए। दास ने बताया कि जैसे देश में अभी नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के अनुसार पढ़ाई होना है। और हम ये भी जानते है की एजुकेशन सिस्टम कितना एडवांस हो गया है। उन्होंने यह भी कहा की हम अच्छी शिक्षा देने के लिए हम एक शिक्षक होने के नाते हम को एक अच्छा ट्रेड, अनुभवी होना बहुत जरूरी है। ट्रेनिंग में रत्नाकर, मोहित घृतलाहरे, दुष्यंत यदु, कृष्ण, भोजराम, जोगेश्वर, दीप्ति, कीर्ति, पायल, परमेश्वरी, विनीता, आरती आदि उपस्थित थे।

## स्थाई अध्यक्ष के चुनाव से पहले सभी राज्यों में प्रदेश संगठन के चुनाव होंगे

# प्रदेश भाजपा संगठन में मंडल स्तर से होगा बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

लोकसभा चुनाव निपटने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय संगठन से लेकर राज्यों के संगठनों में चुनाव होंगे। ऐसे में प्रदेश भाजपा संगठन में मंडल स्तर से बदलाव होगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल 20 जून को समाप्त हो गया है। वैसे भी उनको मोदी कैबिनेट में लिया गया है। उनके स्थान पर फिलहाल तो किसी को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जाएगा। इसके बाद स्थाई अध्यक्ष के चुनाव से पहले सभी राज्यों में प्रदेश संगठन के चुनाव होंगे। छत्तीसगढ़ में भी मंडल स्तर से चुनाव की प्रक्रिया पूरी करके प्रदेश संगठन के चुनाव कराए जाएंगे। 10 जुलाई को राजधानी रायपुर में होने वाली प्रदेश कार्यसमिति में प्रदेश संगठन के चुनाव को लेकर फैसला होगा। इसमें तय होगा कि किस स्तर के चुनाव कब से प्रारंभ होंगे।

- 10 जुलाई को कार्यसमिति में तय होगा, चुनाव की प्रक्रिया कब से प्रारंभ होगी



बीते साल छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव के डिप्टी सीएम बनने के बाद उनके स्थान पर प्रदेशाध्यक्ष का जिम्मा विधायक किरण देव को दिया गया। इसी के साथ प्रदेश संगठन के तीनों महामंत्री केदार कश्यप, ओपी चौधरी, विजय शर्मा के चुनाव जीतने के कारण उनके स्थान पर नए महामंत्री बनाए गए। किरण देव की कार्यकारिणी में ज्यादा बदलाव नहीं किया गया है। लोकसभा चुनाव के बाद आगे कार्यकारिणी में बदलाव की बात की गई थी, लेकिन फिलहाल किसी तरह के बड़े बदलाव के आसार नहीं हैं, क्योंकि अब भाजपा के नए राष्ट्रीय का चुनाव होना है। इस चुनाव के तय होने के साथ ही सभी राज्यों में भी चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

### मंडल स्तर से होने हैं चुनाव

राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले प्रदेश संगठन में मंडल स्तर से चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। मंडल अध्यक्षों के चुनाव के बाद जिला अध्यक्षों के चुनाव होंगे। संभावना है कि मंडलों के साथ जिलाध्यक्षों में बड़े बदलाव होंगे। इसी के साथ प्रदेश स्तर पर जरूर कार्यकारिणी में कुछ बदलाव होंगे। प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ही रहेंगे या फिर किसी और को बनाया जाएगा, यह भी देखने वाली बात होगी। अगर किरण देव को साय मंत्रिमंडल में स्थान मिल गया तो फिर प्रदेशाध्यक्ष का बदला जाना तय है। पूरी प्रक्रिया का प्रारंभ कब से होगा, इसका फैसला प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में 10 जुलाई को होगा। इस बैठक में पहली बार मंडल अध्यक्षों को भी बुलाया गया है। पहली बार बड़ी कार्यसमिति हो रही है। इसमें प्रदेश संगठन के चुनाव के साथ ही नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव पर भी मंथन होगा।

## किसान संघर्ष समिति की बैठक सीएम से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल

रायपुर। पेंड्रावन जलाशय बचाओ किसान संघर्ष समिति की बैठक रविवार को हुई। इस दौरान उच्च न्यायालय के आदेश पर जलाशय पर आए पुनः संकट के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में 115 वर्ष पुराने, सिंचाई और निस्तार के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने वाले जलाशय के संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता जताई। इस मौके पर धरसींवा विधायक अनुज शर्मा और पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल ने कहा कि पूर्व में भी सरकार ने किसानों के हितों को देखते हुए जलाशय के कैचमेंट में खनन परियोजना को रोका है। इस बार भी सरकार व्यापक किसानहित में निर्णय लेगी। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि किसान संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही समय लेकर मुख्यमंत्री और जल संसाधन मंत्री से मुलाकात कर जलाशय के संरक्षण की मांग करेगा। संघर्ष समिति के साथी आलोक शुक्ला को पर्यावरण के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर श्रीफल और शॉल से सम्मान किया गया।

## खबर संक्षेप



### 9वीं की छात्राओं को दी गई साइकिल

**छुईहा बेलर।** हाई स्कूल खुटेरी में सोमवार को कक्षा 9वीं के छात्राओं को साइकिल दी गई। इस मौके पर हाई स्कूल शाला प्रबंध अध्यक्ष द्वारिका साहू, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष डॉक्टर गया राम सेन, पूर्व सरपंच ढेलु राम निषाद, जगेश्वर साहू, भीएल ध्रव, सोमेश्वर वर्मा, अश्वनी सेन, अर्चना ठाकूर, याचना जोशी, सरीता जोल्हे, फगुवा राम साहू, खेमू राम निषाद, हरि लाल निषाद, लुकेश कुमार ध्रव, लता बाई साहू, लक्ष्मी बाई निषाद, रूखमणी बाई निषाद, चम्पा ध्रव, चेमन बाई साहू ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### स्काउट गाइड के छात्रों ने लगाए फलदार पौधे



**फिंगेश्वर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसदाकला में स्काउट गाइड के छात्र–छात्राओं द्वारा विद्यालय की परिसर में फलदार वृक्ष नीबू, अमरूद, सीता, आंवला के पौधों का रोपण किया। एवं उनके समुचित देखभाल करने के लिए संकल्प दिलाया गया।
पौधारोपण के इस कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता केपी साहू ने वृक्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जीवन के लिए उपयोगी बताया। एलआर साहू प्रधानपाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परसदाकला के ने कहा कि वृक्ष है तो जीवन है। वृक्ष के बिना इस पृथ्वी में जीवन संभव नहीं है। संस्था प्रमुख एन एस ठाकुर ने कहा कि पौधारोपण हमारे जीवन के लिए कितना आवश्यक एवं महत्वपूर्ण बताया। स्काउट प्रभारी गिरवर यादव द्वारा पौधारोपण के इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित किया गया एवं समस्त विद्यालय परिसर को हरा भरा रखने हेतु स्काउट गाइड के समस्त सदस्यों को संदेश दिया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के स्टाफ एम दास, एस अंसारी, एस साहू, जी कश्यप, ए कोसरे, वायके साहू, संगीता साहू, गोकुल ध्रुव ने अपना सहयोग प्रदान किया।

### निधन

### कौशल सिंग ठाकुर

**छुरा।** ग्राम पंचायत कोसमबुड़ा निवासी सरपंच कौशल सिंग ठाकुर का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में क्षेत्र के समाज प्रमुख सरपंच जनप्रतिनिधि गण सहित परिजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।



**पर्व : भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं बहन सुभद्रा को रथ में सवार कर निकाली यात्रा**

# रथ पर निकले भगवान जगन्नाथ, उमड़े लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

नगर सहित पूरे क्षेत्र में रथयात्रा का पर्व रविवार को पूरे आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया गया। रथयात्रा पर्व को लेकर क्षेत्र के जगन्नाथ मंदिरों में सुबह से ही महाप्रभु के सुखद दर्शन पाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मैनपुर के जगन्नाथ मंदिर में महाप्रभु जगन्नाथ, बलभद्र एवं देवी सुभद्रा के दर्शन पाने श्रध्दालुओं का तांता सुबह से ही लगा रहा। जिससे पूरे मैनपुर में मेले जैसा माहौल देखने को मिला, भगवान जगन्नाथ की विधिवत पूजा–अर्चना एवं आरती के बाद दोपहर 4.00 बजे भगवान जगन्नाथ के मंदिर से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं बहन सुभद्रा को रथ में सवार कर गाजे- बाजे के साथ आतिशबाजी करते एवं श्री जगन्नाथ भगवान के जयकारो के साथ भव्य शोभा यात्र रथयात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में महाप्रभु के रथ को खींचने श्रद्धा व आस्था लिये श्रद्धालुओं की भीड़ देखते ही देखते उमड़ पड़ी तो वहीं रथयात्रा के शुभारंभ के साथ भगवान श्री जगन्नाथ की रथ जैसे- जैसे आगे बढ़ रहे थे उस गली मोहल्ले में महिलाएं आरती की थाली सजाकर रथ का इंतजार करते दिखे, रथ के पहुंचते ही लोगों ने जगह-जगह श्रद्धा व आस्था के साथ भगवान श्री जगन्नाथ की पूजा अर्चना व स्वागत किया। इस दौरान पूरे नगर में भक्तों को गजामूंग, लाई का प्रसाद वितरण किया गया। भगवान जगन्नाथ का रथ मंदिर परिसर से निकलकर नगर के मुख्य मार्ग से बस स्टैण्ड होते हुए आमापारा, गांधी चौक, शिक्षक कालोनी, जनपद पंचायात विश्राम गृह से होते हुए देर शाम मंदिर पहुंचा, जहां भगवान की पुनः विधिवत पूजन–आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस रथयात्रा में क्षेत्र भर के लोग भारी संख्या में युवा बुजुर्ग रथ खिचने के लिए उत्साह व श्रध्दा के साथ शामिल हुए। पूरे रथयात्रा के दौरान सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस की टीम नगर में गश्त लगाते रहे। इस अवसर पर जगन्नाथ मंदिर के पुजारी पंडित घनश्याम पाण्डेय, योगेश शर्मा, कोमल ठाकुर, लालाराम पटेल, तिजेश्वर पटेल, भैयालाल पटेल, हेमलाल, मोहित दिवेद्वी, मकेश सिन्हा, पारस सिन्हा, दुर्योधन नागेश, दीनु पटेल, मोनू पटेल, सहित मैनपुर नगर वासी गणमान्य नागरिक व क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।





### अमलीपदर में पहुंचे हजारों श्रद्धालु

मैनपुर विकासखण्ड के अमलीपदर में भगवान जगन्नाथ मंदिर में विशेष पूजा अर्चना के बाद रथयात्र पर्व धुमधाम के साथ मनाया गया। यहां आचार्य युवराज पांडेय द्वारा विशेष पूजा अर्चना किया गया। रथयात्रा में शामिल होने प्रदेश सहित ओडिशा से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे चारों तरफ बोल कालिया बोल के जयकारे गुंज रहे थे, यहां रथयात्रा के अवसर पर अनेक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### जगन्नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की रही भीड

वहीं दूसरी ओर नगर से 3 किमी दूर ग्राम जाड़ापदर में भी रथयात्रा पर्व पर रथ खींचने के लिये श्रध्दालु भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान मेला का आयोजन किया गया तो क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल पैरी उद्गम स्थित जगन्नाथ मंदिर भाठीगढ़ में सुबह से पूजा अर्चना करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। तौरेंगा, बम्नीझोला, धुररवागुडी, कांण्डसर, इंदागांव, अमलीपदर, गोहरापदर, धवलपुर व पूरे अंचलों में रथयात्रा पर्व के इस पवित्र दिन गृह प्रवेश के साथ- साथ हवन पूजन व सत्यनारायण कथा का आयोजन भी किया गया एवं क्षेत्र के सभी मंदिरो में विशेष पूजा अर्चना किया गया।

# महाप्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा में ओडिशा मंडली ने किया आकर्षक नृत्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

रथयात्रा उत्सव नगर में भी महाप्रभु भगवान जगन्नाथ भैया बलभद्र और बहन सुभद्रा की रथयात्रा धूमधाम से निकाली गई। इस वर्ष रौनक दुगुना रहा क्योंकि रथयात्रा के आगे आगे उड़ीसा से आई नर्तक मंडली सुन्दर भगवान के भजन और मांदर की थाप के साथ नृत्य करते चल रही थी साथ ही रथयात्रा में आरंग से आए बजरंगबली की 8-10 फीट ऊंची जीवंत कटाउट गदा लेकर चल रहे थे जिसके साथ सेल्फी लेने बड़े बूढ़े नौजवान बच्चे व महिलाएं आते रहे। दोपहर बाद मानस मंदिर में विराजित मूर्तियों की पुजारी एवं मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा पूजा अर्चना कर रथारुढ़ कराया गया राजा यशपेन्द्र शाह द्वारा रथ की पूजा की गई साथ ही छेड़ा पोरी की रस्म निभाई गई पश्चात बच्चे बूढ़े जवान महिलाओं ने उत्साह के साथ बड़ी संख्या में आगे आकर रथ खींचकर पुण्य लाभ लिया। नगर भक्तजनों के हरिबोल नारों से गुंजायमान रहा रथयात्रा पूर्व निर्धारित मार्ग मानस मंदिर से बस स्टैंण्ड बजरंग चौक शिव चौक, मस्जिद रोड से ठाकुर दिया चौक, मामुली पारा, बड़े महल, सदर रोड, छोटे महल पश्चात गायत्री मंदिर में विश्राम हुआ नगर में जिस मार्ग पर भगवान के रथ गुजरे भक्तों ने घर से निकलकर सपरिवार पूजा अर्चना किये प्रणाम कर आशीर्वाद एवं चने मूंग का प्रसाद ग्रहण किए। इस बार रथयात्रा में पटाखे आतिशबाजी भी देखने मिला। रथयात्रा में प्रमुख रुप से ओंकार शाह पूर्व विधायक एवं अध्यक्ष मंदिर समिति, बजरंग पांडे, यज्ञेश पांडेय भोला पांडेय भिषेक पांडेय शीतल ध्रुव, मिथलेश सिन्हा,दुर्गेश अर्पण सेन, मेशनंदन पांडेय,गोपाल सोनी, निखिल साहू, नरेन्द्र पटेल, मीतेश दीक्षित, शैलेन्द्र दीक्षित, अखिल चौबे, अजय चंद्राकर, ललित राठौर, नीरज नायक, तुषार चंद्राकर, ललित कुमार वर्मा, मनहरण पटेल, हीरालाल साहू, पोषण वर्मा, ओमप्रकाश यादव, रामकुमार साहू, केशव प्रसाद साहू, कैलाश पटेल, पुखराज ठाकुर, चुन्नी सोनी, सागर निर्मलकर,देवनारायण यदु, ललित साहू, सुधा शर्मा, ईश्वर सिन्हा यश सिन्हा, वरुण सोनी, किशन सोनी, राहुल सिन्हा, भोलेशंकर जायसवाल, महिला मानस मंडलियों के सदस्यगण, गणेशू साहू, सुभाष ठाकुर, सेउक समाज के सदस्यगण बड़ी संख्या में चल रहे थे।





### डिप्टी सीएम साव से साहू समाज के प्रतिनिधियों ने की मुलाकात

**राजिम।** सोमवार को डिप्टी सीएम अरुण साव से छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रतिनिधि मंडल ने विभिन्न सामाजिक मुद्दों को लेकर मुलाकात किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, मालक साहू, चंद्रिका साहू, दयाराम साहू, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, महासचिव सोहन साहू,खोमन साहू, फलेंद्र साहू, परिक्षेत्र साहू समाज छुरा के अध्यक्ष नरोत्तम साहू, देवा साहू ,हीरेंद्र साहू शामिल थे।



## कुम्ही में राजिम भक्तिन माता की महाआरती

**राजिम।** कुम्ही में ग्रामीण साहू समाज द्वारा आयोजित राजिम भक्तिन माता की महाआरती में प्रदेश साहू संघ उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू ,साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, नूतन साहू, डॉ. दिलीप साहू, गेंदलाल साहू ,खोमन साहू ,नारायण साहू, नंदु साहू ,प्रकाश साहू, देवानंद साहू, बंशीलाल साहू, दिलीप साहू, बिसहत साहू, उत्तम साहू, लोमश साहू, जगदीश साहू, गणेश साहू अतिथि के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ राजिम माता के महाआरती से हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू ने एक पेड़ लगाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष बालचंद साहू, शत्रुहन साहू, मेघनाथ साहू,महिला उपाध्यक्ष बिमला साहू, संतोष साहू, श्याम साहू, श्रीराम साहू, अवध साहू, जनक साहू, महेश साहू, कृष्णा साहू, प्रेमनारायण साहू, हेमलाल साहू, भागवत साहू, भूषण साहू, देवनारायण साहू, धनुष साहू, दशरथ साहू ,सेवक साहू, भारत साहू, शंकर साहू, दुकलहा साहू, चेतन साहू, कृपा साहू, सुमित्रा साहू, कमला साहू, किरण साहू, सोनिया साहू, गोंदा बाई साहू, फुलमत साहू, चमेली साहू,रुपलाल, मेहत्तर साहू शामिल थे।



# धूमधाम से मनाई गई माता पहुंचनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम रसेला में सोमवार को माता पहुंचनी का पर्व परंपरागत ढंग से मनाया गया। सुबह से ही गांव के बैगा भागवत कोमर्रा, तमेश्रर मरकाम, नाथूराम ठाकुर सहित सहयोगी साथी ने साफ सफाई कर शीतला माता की विधिवत पूजा अर्चना के साथ सुख समृद्धि की कामना किये। दोपहर 3 बजे मांदर की थाप के साथ सेवारूपी जस गीत गाते हुए गांव की गलियों में भ्रमण किया गया। तत्पश्चात सभी शीतला मंदिर पहुंचकर मंदिर का फेरा लगाकर मां शीतला को नीम की पत्ती, हल्दी, तेल आदि से स्नान कराकर पूजा अर्चना की गई तथा भोग प्रसाद चढ़ाया गया। लोगों ने माता शीतला से अपने परिवार सहित क्षेत्र की समृद्धि के लिए कामना की। वर्षा से चली आ रही परंपरानुसार मंदिर में श्रद्धालुओं पर मैय्या को अर्पण हल्दी पानी के घोल, नीम की पत्ती का छिड़काव किया गया। प्रसाद के रूप में लोग इसे अपने घर भी ले गए जिसे माता के प्रकोप से पीड़ित रहें बच्चों के साथ परिवार के सभी सदस्यों पर छिड़काव किया जाएगा। माना जाता है कि नीम के प्रभाव से रोग व कष्टों का निवारण होता है। विभिन्न बीमारियों से बचने के लिए ही हर वर्ष माता के मंदिर में पूजा अर्चना कर उससे बचने का आशीर्वाद मागे जातें हैं, माता पहुंचनी का पर्व मुख्य रूप से ग्रामीणों के द्वारा गांव की सुख समृद्धि के लिए काम काज बंद कर धूमधाम से मनाया जाता है। जिसके लिए माता शीतला के मंदिर में महिला और बच्चे थाली में हल्की तेल,नीम की पत्तियां, चना दाल, नारियल, लाई, चीला रोटी के साथ ही दीप सजाकर एवं दाल चावल रखकर पहुंचे। वहीं मंदिर में चढ़ा हुआ प्रसाद के साथ हल्दी पानी घर लाकर लोगों ने अपने परिवारजनों में छिड़काव किया। मान्यता है कि इस पानी से शरीर ठंडा और स्वस्थ हो जाता है। मंदिर में घर से चढ़ाव की थाली ले जाकर वापस आशीर्वाद रूपी हल्दी पानी लाना माता के पास स्वयं उपस्थिति देना माता पहुंचनी कहा जाता है। शीतला मंदिर में सुबह से देर रात तक मांदर के धुन जस गीत के गुज से की पुजा की नीम की पत्ती से पानी का छिड़काव किया गया। इस मौके पर ग्राम पटेल लोकराम यादव, सरपंच बिग्रेद्र ठाकुर,डी आर यादव, उपसरपंच परमेश्वर यादव, कमलेश्वर नामक, भावसिग मरकाम, रामायण ठाकुर, देवलाल बारिक, अशवत सेन, टंकेश्वर कोमर्रा, राम यादव, खेमचंद ताण्डी, राकेश कोमर्रा, दयाराम निषाद, वेदव्यास निषाद, व सेवा समिति सदस्य सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।



**कांग्रेस ने किया ब्लाक स्तरीय धरना प्रदर्शन, जमकर भाजपा सरकार को कोसा**

# बिजली के दाम में बढ़ोतरी जनता पर अत्याचार : रूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

भाजपा सरकार पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही है ऊपर से सरकार ने बिजली के दामों में 8 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी किया है। यह जनता पर अत्याचार है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू ने ब्लाक स्तरीय धरना प्रदर्शन का आयोजन नगर पंचायत कोपरा में किया जहां पर उन्होंने कहा कि बिजली दर में 8 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी को राज्य सरकार को वापस लेना चाहिए। प्रदेश की जनता महंगाई से पीड़ति है इस दशा में बिजली के दर में बढ़ोतरी करना महंगाई से जख्मी जनता के जख्मों पर नमक छिड़कना है। सरकार भले ही कहती है कि बिजली के दाम में 8 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। हकीकत में पिछले दो माह से बिजली के बिल दुगुने आ रहे है। आम आदमी बिजली के दाम बढ़ने से परेशान है। स्मार्ट मीटर लगा कर उपभोक्ता को लूटने कि तैयारी भाजपा सरकार कर रही है कांग्रेस जिसका हम पुरजोर विरोध करते है। कांग्रेस की सरकार ने 5 वर्षो तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू किया था जिसका लाभ प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था जिसे 5 साल में प्रत्येक उपभोक्ता का 40 से 50 हजार रुपये तक की बचत हुई है। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रशासनिक महामंत्री ओंकार सिंह ठाकुर ने कहा कि पिछले 6 माह में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब बिजली दो-चार घंटे के लिये बंद न हो, रात में तो बिजली की स्थिति तो और भयावह हो जाती है, घंटो बिजली गोल हो जाती है।भाजपा से न सरकार संभल पा रहा और न ही व्यवस्थायें। सरकार एक तो पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही, ऊपर से उपभोक्ताओं पर महंगी बिजली का बोझ डाल रही है।प्रदेश के अनेक जिलों में तो पूरी रात बिजली कटौती हो रही है।राजिम विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष योगेश साहू ने कहा कि भाजपा सरकार में आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल रहा है।बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रहे हैं।कांग्रेस की सरकार के दौरान 24 घंटा बिजली की आपूर्ति होती थी। गर्मी के दिनों में मांग बढ़ने पर दूसरे राज्यों से भी बिजली की खरीदी किया जाता था और आम जनता को 24 घंटा बिजली की आपूर्ति की जाती थी। रवि फसल लगाने वाले किसानों को भी बोरवेल चलाने के लिए बिजली निःशुल्क मिलता था।



### 6 माह में ही बिजली व्यवस्था चरमराई

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू ने कहा कि कांग्रेस की सरकार के दौरान बिजली आपूर्ति निर्बाध गति से चले इसके लिए ट्रांसफार्मर के पावर बढ़ाए गए थे।नए ट्रांसफार्मर लगाए गए थे। ट्रांसमिशनों को अपग्रेड किया गया। भाजपा की सरकार में 6 माह में ही बिजली की व्यवस्था चरमरा गई है। आम जनता सड़कों पर उतरकर बिजली की समस्या को लेकर आंदोलन कर रही हैं।उक्त कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू के साथ-साथ जिला प्रशासनिक महामंत्री ओंकार सिंह ठाकुर, जनपद पंचायत फिंगेश्वर उपाध्यक्ष एवं युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष योगेश साहू, जोन कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वेद राम साहू, सेक्टर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अवाध सिन्हा, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष डॉक्टर रमेश साहू, पूर्व उपसरपंच राजेश यादव,अजय साहू, चेतन यादव, रिकेश साहु,यूंका नेता खेमू साहू, होमेश्वर यादव, विजय वर्मा, अनिरुद्ध साहू, विधानसभा युवा कांग्रेस महासचिव वासुदेव साहू, रामगुलाल तारक,प्रकाश साहू, बृज साहू,श्रवण साहू, झामन साहू, प्रीत साहु, युवराज साहू आदि दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## राजिम में कांग्रेस का प्रदर्शन

**नवापारा-राजिम।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन अघोषित विद्युत कटौती एवं बढ़े हुए विद्युत दरों के विरोध में किया गया। इस धरने में पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू शामिल हुए। विरोध प्रदर्शन में उन्होंने राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार को जिम्मेदार बताया तथा किसानों को हो रही खाद की किल्लत के लिए भी सरकार को निशाने पर लिया। कार्यक्रम को ब्लाक अध्यक्ष सौरभ शर्मा एवं पलिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी ने भी संबोधित किया। सौरभ शर्मा ने नीट की परीक्षा में धांधली करने का आरोप सरकार पर लगाया। धरना प्रदर्शन में पूर्व विधायक धनेंद्र साहू के अलावा ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ शर्मा, पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंह, चंद्रहास साहू, पालिका उपाध्यक्ष चतुर जगत, हेमंत साहनी, अनुप खरे, राजा चावला, रामकुमार शर्मा, रामा यादव, मितेश शाह, सचिन बंगानी, बीरबल राजपूत, कोमल चक्रधारी, राजा ठाकुर, रामरतन निषाद, अर्जुन साहू, फागु देवांगन, निर्माण यादव, सोहन देवांगन, टीकम यादव उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### गिधनी में मनाया गया माता पहुंचनी का पर्व

**मुडागांव(कोरासी)।** ग्राम गिधनी में सोमवार को माता पहुंचनी मनाया गया। माताएं अपने संतान के निरोग जीवन के लिए शीतला मन्दिर में शीतला माता की विशेष पूजा-अर्चना की गौरतलब है कि आषाढ़ कृष्ण पक्ष चतुर्दशी मां जगत जगजननी का वार होता है इस कारण माता पहुंचनी जुड़वास सोमवार को रखा गया। जहां बैगा एवं ग्राम प्रमुख द्वारा सुख, शांन्ति, समृद्धि के लिए मां शीतला की विशेष पूजा-अर्चना की गई। पश्चात सभी भक्तों में नीम के पत्ते से छिड़काव किया गया। माना जाता है कि वर्षा ऋतु के आगमन होते ही अनके प्रकार के कीट-पतंक विशैले जीव का खतरा अत्यधिक होता है जिसके निदान के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। माता पहुंचनी में बड़ी संख्या में माताएं हाथों में पूजा की थाली लेकर शीतला मन्दिर पहुंचकर मां शीतला की पूजा अर्चना की। वहीं सेवा गीतों के साथ सुबह से लेकर शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा। जिसमें महिला, पुरुष, युवा, छोटे-छोटे बच्चे सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### नवनिर्मित आंगनबाड़ी का सरपंच ने किया लोकार्पण



**पाटसिवनी (पिपरहट्टा)।** ग्राम पंचायत पाटसिवनी में नव निर्मित आंगनबाड़ी भवन केंद्र क्रमांक 4 का लोकार्पण दीव प्रवजलित कर उद्घाटन तामेश्वरी चम्पेश्वर ध्रुव सरपंच द्वारा किया गया। बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए नीव के रूप शुरुवात गुलमोहर पेड़ लगा कर बच्चों का गुलाल से स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में प्रकाश साहू, उप सरपंच, पंच दीपक गिलहरे, गणेशु बाघे, यशोमती ध्रुव, लता साहू, दिगेश्वरी ध्रुव, कीर्तिन मांडले, आश बाई नेताम, मुनेश यादव, विनोद ध्रुव, फुलेश्वरी ध्रुव, ग्रामीण प्रमुख छन्नू प्रसाद दुबे, नेतराम साहू, गैन्दु साहु, आनंद राजपूत, गोपाल विश्वकर्मा, नंदू दीवान, बलद दीवान, रूपनारायण मांडले, आंगनबाड़ी कार्यक्रता इंद्रौतीन बाई मांडले, सहायिका, सैलेंद्री बाई मांडले सचिव हरीश चंद्र ध्रुव एवं पलक गण उपस्थित थे।

### ज्ञानदीप स्कूल के मेधावी छात्राओं का हुआ सम्मान



**नवापारा-राजिम।** ज्ञान दीप स्कूल के कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 80-90 फीसदी अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान टिफिन बॉक्स, पानी बॉटल, कॉपी, एवं सालासर बालाजी की तस्वीर देकर सालासर समिति ने किया। सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं में लक्ष्मी साहू, वंशिका कर्नल, भूपेंद्र कहार शामिल है। आभार प्रदर्शन अशोक तिवारी ने किया। इस अवसर पर चेतन चौहान, प्रमोद अग्रवाल, हितेश साहू, आकांक्षा निषाद सहित स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### जनदर्शन में सुनी गई 29 आवेदकों की मांग एवं समस्याएं

**महासमुंद।** कलेक्ट्रेट में आयोजित जन चौपाल में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक ने आवेदकों की समस्याओं और शिकायतों को सुना तथा प्रकरणों से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई एवं शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जन चौपाल में 29 आवेदन आए जिसमें संबंधितों को भेजकर कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर मनोज खांडे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जन चौपाल में सीईओ एस आलोक ने विद्युत बिलों में सुधार, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास की लंबित राशि, श्रम कार्ड पंजीयन में संशोधन और सीमांकन से संबंधित आवेदनों पर गंभीरता पूर्वक कार्रवाई करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

**योजना :** प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत आवास का सपना हो रहा पूरा

# जिले में 2 हजार 494 आवास स्वीकृत, विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए भी बनेंगे मकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्यों को विभिन्न प्रकार की शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के पीवीटीजी परिवारों को आवास की सुविधा प्रदान की जा रही है। इस प्रकार पीएम जनमन आवास योजना लाभार्थियों के जीवन में न केवल सुधार ला रहा है, बल्कि पक्के मकान के सपनों को साकार करने का अवसर भी प्रदान कर रहा है। इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की एक नई दिशा मिल रही है, जिससे समाज के पिछड़े वर्ग को ऊपर लाने का काम किया जा रहा है। विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्यों के प्रत्येक व्यक्ति के सिर पर एक पक्का छत हो और उसका जीवन सुकून से भरा हो, यही पीएम जनमन आवास योजना का उद्देश्य है। योजना अंतर्गत जिले में अभी तक दो हजार 494 आवास पीवीटीजी परिवारों के लिए स्वीकृत किया जा चुका है। परिवारों के लिए आवास बनाने के लिए किश्त की राशि भी जारी की जा रही है। जिससे मकान बनाने का कार्य तेजी से जारी है। फलस्वरूप आवास का कार्य समय अवधि में पूर्ण हो रहे है। साथ ही हितग्राहियों को घर निर्माण अवधि में मनरेगा के माध्यम से दैनिक रोजी पाने की भी सुविधा मिल रही है। इसके अलावा आवास के साथ नल जल कनेक्शन, बिजली कनेक्शन एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय बनाने की भी सुविधा मिल रही है।

### जनमन आवास योजना हो रहा वरदान साबित

पीएम जनमन आवास योजना अंतर्गत पक्के मकान की सुविधा पाने वाले ग्राम सोहागपुर के मिलउ एवं पुरन, देवगांव के रमेश कुमार कमार एवं तुहामेटा की इतवारीन ने बताया कि हर एक नागरिक का सपना होता है कि उसका अपना एक पक्का मकान हो, जिसमें वह अपने परिवारजनों के साथ सुकून से जीवन यापन कर सके। लेकिन आर्थिक स्थिति के कारण हर किसी का यह सपना साकार नहीं हो पाता। गरीब असहाय के सपने को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना वरदान साबित हो रही है। इसके लिए हम परिवार सहित प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। लाभार्थियों ने बताया कि पहले अपने पुश्तैनी कच्चे आवास में रहते थे। बरसात के मौसम में उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था। कच्चे घर में सांप बिच्छू के आने का खतरा और कच्चे




मकान के छत से पानी टपकने का भी अंदेशा बना रहता था। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत वर्ष 2023-24 में पक्का आवास बनाने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। शासन से अनुदान में मिली राशि से अपना पक्का मकान बनाकर अब वह अपने परिवार के साथ पक्के मकान में रह रहे हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020

# क्रियान्वयन समिति द्वारा कार्यशाला आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति 2020 पर कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संस्था प्रमुख प्रो. एमएल वर्मा, अध्यक्षता वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर केआर मतावले, विशेष अतिथि के रूप में प्रोफेसर घनश्याम प्रसाद यदु एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन हेतु मुख्य प्रशिक्षक के रूप में डॉक्टर गोवर्धन यदु मौजूद थे। समिति के संयोजक भानुप्रताप नायक ने स्वागत तथा शासन द्वारा जारी की गई दिशा निर्देशो एवं नियमों के बारे में जानकारी दी। प्रोफेसर एमएल वर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति अपनी बात रखी। मास्टर ट्रेनर डॉक्टर गोवर्धन यदु ने नई शिक्षा नीति पर विस्तार पूर्वक अपनी बात रखा। प्राध्यापकों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन संबंधी प्रश्न मास्टर ट्रेनर से पूछे, जिनका सरलता से डॉ. गोवर्धन यदु ने सभी प्रश्नों का उत्तर दिया। डॉक्टर यदु ने बताया कि हमें प्राथमिकता से समस्त नव प्रवस्थित छात्रों का राष्ट्रीय शिक्षा नीति से संबंधित समस्त प्रश्नों का उत्तर देना है तथा यह सुनिश्चित करना है कि वह किसी प्रकार के अफवाह तथा गलत जानकारी से दिग्भ्रमित ना हो। प्रोफेसर नायक ने बताया कि महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से संबंधित पोस्टर एवं फ्लेक्स का प्रचार प्रसार हेतु विभिन्न स्थानों पर निर्माण किया गया है तथा शासन द्वारा एवं महाविद्यालय द्वारा प्रसारित विभिन्न सूचनाओं को महाविद्यालय के ऑफिसियल वेबसाइट में अपडेट किया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ. समीक्षा चंद्राकर, प्रो. चित्रा खोटे, प्रो. क्षमा शिल्पा चौहान, डॉक्टर राजेश बघेल, प्रोफेसर श्वेता खरे, प्रो. आकाश बाघमारे, प्रो. मनीषा भोई, प्रो. मुकेश कुर्रे, प्रो. तामेश्वर मारकंडे, डॉ. देवेंद्र देवांगन मौजूद थे।

# अतरमरा संकुल के सभी विद्यालयों में कल किया जायेगा पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री द्वारा किए गए आवाहन एक पेड़ मां के नाम के अनुपालन में छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा प्रत्येक विद्यालयों में वृक्षारोपण हेतु दिशा निर्देश दिए गए हैं। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा पारित आदेश के परिपालन में एवं जिला कलेक्टर दीपक अग्रवाल ,जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत जी के निर्देशानुसार गरियाबंद जिले के संकुल केंद्र अतरमरा मे संकुल प्राचार्य बी देवांगन, संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा के कुशल नेतृत्व में संकुल केंद्र अतरमरा के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में शासन के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम थीम को ध्यान मे रखते हुए सभी संस्था प्रमुख आवश्यक तैयारी में जुट गए हैं। इस हेतु संकुल प्रभारी प्राचार्य बी देवांगन एवं संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा ने आवश्यक जारीकारी देकर सभी प्रधान पाठकों को उक्त कार्य प्राथमिकता से करने को कहा गया।



*अभियान की तरह होगा* संकुल प्राचार्य बी देवांगन, संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा जी ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा दिनांक 10 जुलाई को सभी विद्यालयों में पौधारोपण अभियान की तरह किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस दिन आहता युक्त विद्यालयों में न्यूनतम 10 तथा आहता विहीन विद्यालयों में न्यूनतम पांच पौधे अवश्य लगाने का निर्देश प्राप्त दिया गया है। स्कूल के आहता के किनारे किनारे छायादार पेड़ जैसे नीम, गुलमोहर, करंज, अशोक आदि लगाकर विद्यार्थियों शिक्षकों पालको द्वारा नियमित देखरेख करते हुए वृक्ष बनते तक पोषण करेंगे। प्रत्येक शनिवार को वृक्षारोपण अधिक से अधिक संख्या में करें ताकि विद्यालय में हरियाली हमेशा रहे। वृक्षारोपण कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्थानीय समुदाय को भी आमंत्रित किया जाना है। कार्यक्रम का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए एवं पालन प्रतिवेदन जिला कार्यालय को भेजा जाएगा। पौधारोपण के लिए उचित ऊंचाई के पौधे की उपलब्धता वन व उद्यानकी विभाग द्वारा प्राप्त किया जाएगा।

# ग्राम टेका में किया गया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

ग्राम टेका में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल, भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं ग्राम के हायर सेकंडरी स्कूल के द्वारा वृहद पौधारोपण का किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ग्राम के सरपंच ठाकुर राम ध्रुव और विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल टेका के अध्यक्ष जिनेन्द्र साहू एवं सह संयोजक चंदन देवांगन, सेवा प्रमुख सिया राम साहू,शाला के प्राचार्य नारायण सिंह चन्द्राकर एवं शाला प्रबंधन समिति के मनोनित अध्यक्ष होरी लाल साहू एवं समस्त शिक्षक गण और समस्त बजरंग दल टेका तथा विद्यालय के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे। इस पौधारोपण के कार्य हेतु शिक्षक चन्द्रहांस साहू को समस्त विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने आभार व्यक्त किया।

# सालासर समिति ने 18 मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

सालासर सुन्दरकाण्ड जनकल्याण समिति द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में कक्षा 10वीं व 12वीं के 80 से 90 फीसदी अंक लाने वाली छात्राओं का सम्मान टिफिन बॉक्स, पानी बॉटल, कॉपी एवं सालासर बालाजी की तस्वीर देकर किया। सम्मानित होने वाली छात्राओं में कक्षा 12वीं की ऋषिका निषाद 86.6 प्रतिशत, सेजल सूर्यवंशी 81.2 प्रतिशत, सुषमा साहू 81%, कुसुम गिलहरे 88.8%, साधना यादव87.2%, तिजेश्वरी87.2%, कक्षा 10वी के कृति सूर्यवंशी 88.83%, दुलारी 88.55%, हंफिया रिजवी 87.5%,खुशबू 86%, नीलम 82.8%, लेविशा 80.33%, जागृति 82.33%, भूमिका 86.83%, 90 परसेंट से ऊपर प्राप्त करने वाली छात्राओं में सुमन टंडन 96.83%, हीना साहू 94.33%, सरला साहू 93.33%, लीमा देवांगन 92.66% को मिठाई डिब्बा एवं प्रत्येक छात्रा को 2100 रुपये नगद दिया गया। इस अवसर पर समिति के संस्थापक राजू काबरा, धरम साहू, पवन यदु, मोहन सुमित पंजवानी, नंन्दकिशोर राठी, रूपेंद्र चन्द्राकर, नेमी साहू, पिंकीं, मोहिनी, तुलसी, लक्ष्मी मौजूद थे। संचालन डीके देवांगन, आभार रमा ठाकुर ने किया। इस अवसर पर टीएस ध्रुव, आर के ध्रुव, पूनम मांडे, मधु देवांगन, कुंज ध्रुव, अमिता तिवारी, किरण मिंज, अंजली नागवंशी, पूनम चंद्राकर, हेमलता बंजारे, विकास तिवारी, ईना बंजारे, खिलेश्वरी दीवान, पी सोनी उपस्थित थे। प्राचार्य सरिता नासरे ने समिति का सराहना किया।

## बकली में पौधारोपण

**राजिम।** बकली के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में 51 पौधे लगाए गए। पौधा लगाने जनपद अध्यक्ष पुष्पा साहू , गणपत तारक, अमृत साहू, मुन्ना कुर्रे, लेखाचंद मल्होत्रा, मुकेश साहू, खेमचंद मिरी, टीकम साहू, टीकम सेन, कोमल यादव, शशिकला गौतम, चंद्रप्रकाश सेन, बीआर सीसी सुभाष शर्मा शामिल थे।





### गायत्री परिवार ने किया पौधारोपण

**राजिम।** गायत्री परिवार द्वारा खाम तालाब में चार पौधे लगाए। इस अवसर पर संतोष साहू ने कहा कि गायत्री परिवार के सप्त सूत्रीय आंदोलन में महत्वपूर्ण कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण है। जिले में प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में पौधारोपण किया जाता है। भीषण गर्मी में भी पेड़ को बचाने के लिए वृक्ष बचाओ अभियान चलाया जाता है ताकि पेड़ सुरक्षित रह सके। इकाई प्रमुख रामकुमार साहू ने कहा कि पूरे इकाई के सभी गांवों में कम से कम पांच वृक्ष लगाया जाएगा। प्रिंस साहू के जन्म दिवस पर एक पेड़ लगाया गया पवन गुप्ता, संतोष साहू, रामकुमार साहू संतराम ध्रुव ने ट्री गार्ड के लिए सहयोग राशि दिया।

# डॉक्टर्स डे पर चित्रकला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पांडुका



शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला पांडुका में बस्तविहीन शाला के अंतर्गत शनिवार को नेशनल डॉक्टर्स डे पर भाषण एवं कविता तथा चित्रकला का आयोजन किया गया। विदित हो कि छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा वार्षिक शाला कैलेंडर जारी किया गया है, जिसमें प्रत्येक शनिवार को अलग-अलग विषयों पर कार्यक्रम का आयोजन शालाओं में किया जाना है। आज इस कार्यक्रम में कक्षा सातवीं की छात्रा सुकृति सेन एवं कक्षा आठवीं की छात्रा दिव्यांशी दीप ने अंग्रेजी में अपना भाषण दिया। जिसमें उन्होंने डॉक्टर का महत्व बताया। इसी प्रकार विभिन्न छात्राओं ने भाषण एवं कविता का प्रस्तुतीकरण दिया, इसके पश्चात छात्राओं के द्वारा बनाए गए चित्रों का प्रदर्शन किया गया। प्रधान पाठक एम एल तारक ने सभी प्रतिभागी छात्राओं को बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी तथा अपने संबोधन में जीवन में डॉक्टर का क्या महत्व है बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला की शिक्षिका देवश्री निषाद, गोपेश्वरी साहू, अर्चना शर्मा, कबिता आचार्जी एवं शिक्षक अरुण साहू का सराहनीय योगदान रहा।

**आज कस एवं 10 को मैनपुर खुर्द, मजरकट्टा, छुरा एवं बेलर में लगेगा शिविर**


# राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए गांवों में लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

लोगों के राजस्व संबंधी प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए गांवों में विशेष राजस्व शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 25 जुलाई तक जिले के विभिन्न गांवों में आयोजित होगा। इस दौरान चयनित ग्रामों में राजस्व शिविर लग रहे हैं। शिविरों में राजस्व संबंधी आवेदन लिए जा रहे है और उसका निराकरण भी किया जा रहा है।

राजस्व शिविर 9 जुलाई को गरियाबंद तहसील अंतर्गत ग्राम कस में आयोजित होगा। इस शिविर में ग्राम आमझर, कासरवाय, बरबाहरा, हरदी, कस, गजईपुरी, घुटकुनवापारा, सोहागपुर के ग्रामीण शामिल होकर अपना आवेदन दे सकेंगे। इसी प्रकार 10 जुलाई को मैनपुरखुर्द में शिविर लगेगा, जिसमें मैनपुरखुर्द, भाठीगढ़, हरदीभाठा, छोटेगोबरा, मैनपुरकला, तुहामटा, जाड़ापदर, जिडार के ग्रामीण शामिल हो सकेंगे। 10 जुलाई को ही गरियाबंद के मजरकट्टा में शिविर लगेगा। इसमें पाथरमोहंदा, भिलाई, कोकड़ी, मजरकट्टा एवं आमदी (म) के ग्रामीण शामिल हो सकेंगे। 10 जुलाई को छुरा में शिविर का आयोजन किया जायेगा, जिसमें छुरा, खरखरा, कोसमबुडा, टेंगनाबासा एवं हरदी के ग्रामीण शामिल हो सकेंगे। 10 जुलाई को फिंगेश्वर के बेलर में शिविर लगेगा। इसमें बेलर, फिंगेश्वर, परसदाकला, सेंदर, बारूला, चरौदा, कुण्डेल, सिर्रीखुर्द, बिजली एवं बोरसी के ग्रामीण शामिल हो सकेंगे।

इसी प्रकार 11 जुलाई को मोखागुड़ा एवं नागाबुड़ा, 12 जुलाई को मदनपुर, कौंदकेरा, 13 जुलाई को खड़मा, 15 जुलाई को पीपरछेड़ी कला, 16 जुलाई को दांतबायकला, 18 जुलाई को जोबा एवं देवभोग में शिविर का आयोजन किया जायेगा। 19 जुलाई को सिंधौरी, आमदी-द, 22 जुलाई को बिन्द्रानवागढ़, 23 जुलाई को धवलपुरडीह एवं 25 जुलाई को माड़ागांव में राजस्व शिविर का आयोजन किया जायेगा।



### शिविरों में ये काम होंगे

इन शिविरों में बी-1 पठन, अविवादित नामांतरण, अविवादित बटवारा, अभिलेख अपडेट, त्रुटि सुधार संबंधी अभिलेख सुधार, नक्शा बटांकन, सीमांकन, डायवर्सन, वृक्ष कटाई की अनुमति, जाति, निवास एवं आय प्रमाण सहित अन्य कामों के लिए आवेदन लिए जाएंगे। इसके साथ ही आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेंशन योजनाएं, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, वन अधिकार मान्यता पत्र, नोनी सुरक्षा किसान क्रेडिट कार्ड आदि के लिए आवेदन की कार्यवाही की जायेगी।

# प्रधानपाठक ने बच्चों को कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दबनई के प्रधानपाठक चिंताराम नेताम द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में न्यौता भोज का आयोजन किया गया। बच्चों को खीर, पुड़ी, पापड़, आलू–छोले, चांवल और केक परोसा गया। इस अवसर पर उपस्थित भाजयुमो जिला मंत्री तुलसी राम राठौर ने प्रधानपाठक की पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि अपनी खुशियों में बच्चों को शामिल करने व जन समुदाय को विद्यालय से जोड़ने हेतु राज्य सरकार ने न्योता भोज योजना प्रारंभ किया है हमें हर शुभ अवसर पर अपने समीप के विद्यालय के बच्चों के लिए न्योता भोज आयोजित करना चाहिए। इस अवसर पर सरपंच घनश्याम नागेश, संकुल समन्वयक मुकेश कुमार ठाकुर, रंजीत सिंह ध्रुव, दीपक चतुर्वेदी, विनय कुमार साहू, विरेन्द्र सिंह राजपूत, चमेली पटेल, लता नेताम, शिवगीता, योगेश यादव, मोहन नेताम, गंगा बाई, सकुन नेताम एवं सभी छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।